दिनांक 12.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महिलाओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता कलश यात्रा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई द्वारा आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी के निर्देश पर मतदाता जागरुकता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। अभियान में आम नागरिक , महिला समूह बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभा रहें हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को प्रातः अण्डा चौक खुर्सीपार में क्षेत्र के महिला समूह ने स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ मिलकर वोट दो , मतदान करें का स्लोगन लिखे कलश को सर पर रखकर अंडा चौक मतदान केंद्र से कलश यात्रा निकाला।

यात्रा की अगुवाई उपायुक्त तरुण पाल लहरे , जोन आयुक्त संजय बागडे , नोडल अधिकारी पी0सी0 सार्वा, रामायण सिंह कर रहें थे। कलश यात्रा पैदल मार्च करते हुए अण्डा चौक से गायत्री नगर हाते हुए खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले का भ्रमण कर बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने शासकीय स्कूल मतदान केंद्र में समाप्त हुआ। इसके पश्चात सभी ने शत्-प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''